लाभुक का नाम :– अफताब आलम, पिता– वकील अहमद

आवेदन सं0 :– CMEBC20219473124973

इकाई का नाम :– जोया इंडस्ट्रीज

कार्यस्थल का पता :– इनरवा बाजार, मैनाटांड

जिला :– पश्चिम चम्पारण।

## जज्बे सी मिली सफलता

मैनाटांड प्रखंड अन्तर्गत इनरवा बाजार निवासी मो0 अफताब आलम स्नातकोत्तर की शिक्षा पूर्ण करने के बाद मामूली तनख्वाह पर निजी विद्यालय में अध्यापन का कार्य करने लगे। विवाहोपरांत जब जिम्मेदारियां बढ़ी तो बेहतर और स्थाई रोजगार की तलाश करने लगे। इसी दरम्यान उन्हे मुख्यमंत्री अति पिछड़ा वर्ग उद्यमी योजना की जानकारी मिली। उनके द्वारा आवश्यक प्रक्रिया पूरी करने के बाद अंतिम रूप से चयन हो गया। दस लाख रूपये की सहायता राशि तीन किश्तों में मिला तो अफताब ने पीछे मुड़कर नहीं देखा। जोया इंडस्ट्रीज के नाम से लकड़ी फर्नीचर निर्माण का उद्यम स्थापित किया गया। इनके यहाँ पलंग, कुर्सी, सोफा, डिजायनर पलंग, डायनिंग सेट, ड्रेसिंग सेट आदि अच्छी क्वालिटी का बनने लगा तो लोगों का विश्वास जमता गया। स्कूलों में बेंच–डेस्क की उपलब्धता हेतु शिक्षा विभाग से इन्हे आपूर्ति करने का आदेश मिला तो इनके रोजगार में चार चांद लग गये। अब इनको अच्छी आमदनी हो रही है। इनके जज्बा और उद्यमशीलता से प्रभावित होकर बिसिको (उद्योग विभाग) द्वारा पुनः इन्हे 15 लाख की ऋण स्वीकृति प्रदान की गई है। अब इनका व्यवसाय उत्तरोतर बढ़ता जा रहा है और लोगों को भी रोजगार मिल रहा है।